संख्या -34/2026/394/तीस-3-2026-42 एम/2014

प्रेषक,

नितिन कुमार गुप्त,
उप सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन ।

सेवा में,

परिवहन आयुक्त,
उत्तर प्रदेश।

परिवहन अनुभाग-3 लखनऊ :: दिनांक :: 05 मार्च, 2026

विषय उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में "उच्च स्तरीय समिति" के सचिवालय के रूप में परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के कार्यालय में "सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ" के गठन हेतु अस्थायी रूप से सृजित किये गये पदों की निरंतरता जारी किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-508 स0सु0/2026-44 स0सु0/2015-22, दिनांक 25 फरवरी, 2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा विशेष कार्याधिकारियों, लेखाकार/आउटसोर्सिंग से लिये गये पदों की निरन्तरता दिनांक 01.03.2026 से दिनांक 28.02.2027 तक बढ़ाये जाने की स्वीकृति प्रदान करने का अनुरोध किया गया है।

2. इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि उत्तर प्रदेश में सड़क सुरक्षा के सम्बन्ध में "उच्च स्तरीय समिति" के सचिवालय के रूप में परिवहन आयुक्त, उत्तर प्रदेश के कार्यालय में "सड़क सुरक्षा प्रकोष्ठ" के गठन हेतु संलग्न सूची में उल्लिखित पदों की निरन्तरता शासनादेश संख्या-09/2025/465/तीस-3-2025-42 एम/2014, दिनांक 11 मार्च, 2025, पत्र संख्या-1320/तीस-3-2025, दिनांक 04 अगस्त, 2025 तथा पत्र संख्या-762/तीस-3-2025, दिनांक 25 मार्च, 2025 के अनुक्रम में दिनांक 01 मार्च, 2026 से दिनांक 28 फरवरी, 2027 तक, यदि यह पद बिना किसी पूर्व सूचना के इससे पूर्व ही समाप्त न कर दिये जायें, बढ़ाये जाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. इस सम्बन्ध में होने वाला व्यय उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा कोष नियमावली-2014, नियम-9 के खण्ड (ग) में दी गयी व्यवस्था के क्रम में उक्त नियमावली के नियम-4(3) में उल्लिखित "लेखाशीर्ष-3055-सड़क परिवहन-800-अन्य व्यय-05 उत्तर प्रदेश सड़क सुरक्षा कोष में व्यय-42 अन्य व्यय" से वहन किया जायेगा।

संलग्नक-यथोक्त।

भवदीय,

नितिन कुमार गुप्त
उप सचिव।

संख्या एवं दिनांक यथोक्त

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित -:

1 महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी (प्रथम), उ0प्र0, प्रयागराज।
2 मुख्य कोषाधिकारी, जवाहर भवन, लखनऊ।
3 वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1/2, उत्तर प्रदेश शासन।
4 वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-9, उत्तर प्रदेश शासन।
5. निदेशक, अधिष्ठान पुनरीक्षण ब्यूरो, वित्त विभाग, उ0प्र0 सचिवालय, लखनऊ।
6. गार्ड फाइल

आज्ञा से,

राम जतन
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

पत्र संख्या -34/2026/394/तीस-3-2026-42 एम/2014 , दिनांक 05 मार्च, 2026 का संलग्नक

क्र0 सं0	पदनाम	पदों की संख्या	भर्ती का स्रोत	वेतनमान	पदसृजन संबंधी शासनादेश संख्या एवं दिनांक	अंतिम बार बढ़ाई गई निरन्तरता संबंधी शासनादेश संख्या एवं दिनांक
1	2	3	4	5	6	7
1	विशेष कार्याधिकारी	03 (तीन)	सेवा स्थानान्तरण द्वारा	वेतन बैड-3-15600-39100 ग्रेड वेतन 6600	19/187/30-3-15-52 एम/2014, दिनांक 27.02.2015	09/2025/465/तीस-3-2025-42 एम/2014, दिनांक 11 मार्च, 2025
2	लेखाकार	01 (एक)	सेवा स्थानान्तरण द्वारा	वेतन बैड-3-9300-34800 ग्रेड वेतन 4200	- तदैव -	- तदैव -
3	डी0बी0ए0	02 (दो)	आउटसोर्सिंग द्वारा	---	- तदैव -	- तदैव -
4	लिपिक	04 (चार)	आउटसोर्सिंग द्वारा	---	- तदैव -	- तदैव -
5	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	02 (दो)	आउटसोर्सिंग द्वारा	---	- तदैव -	- तदैव -
6	विशेष कार्याधिकारी	01 (एक)	सेवा स्थानान्तरण द्वारा	वेतन बैड-3-15600-39100 ग्रेड वेतन 6600	109/2019/30-3-19-42 एम/2014, दिनांक 22.08.2019	- तदैव -
7	कम्प्यूटर सहायक	19 (उन्नीस)	आउटसोर्सिंग द्वारा	--	--	1320/तीस-3-2025, दिनांक 04 अगस्त, 2025
8	चालक	37 (सैंतीस)	आउटसोर्सिंग द्वारा	--	--	- तदैव -
9	आशुलिपिक	02 (दो)	आउटसोर्सिंग द्वारा	--	--	762/तीस-3-2025, दिनांक 25 मार्च, 2025
10	डी0बी0ए0 (ग्रेड-2)	01 (एक)	आउटसोर्सिंग द्वारा	--	--	- तदैव -
11	लिपिक (ग्रेड-2)	04 (चार)	आउटसोर्सिंग द्वारा	--	--	- तदैव -
12	चतुर्थ श्रेणी (ग्रेड-2)	02 (दो)	आउटसोर्सिंग द्वारा	--	--	- तदैव -
13	चालक	66 (छाछठ)	आउटसोर्सिंग द्वारा	--	--	- तदैव -

राम जतन
अनु सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in